# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह जनवरी 2024

**नव वर्ष के उपलक्ष्य में CLEAN CAMPUS, GREEN CAMPUS का शुभारंभ दिनांक 01/01/2024**









## विश्व एडस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहभागिता











1.12.2023

## जिला स्तरीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता









1.12.2023 को विश्व एड्स दिवस पर रविंद्र भवन में आयोजित जिला स्तरीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा श्रीया विश्वकर्मा बी ए द्वितीय वर्ष, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और 30 /11 /2023 को महाविद्यालय स्तर पर आयोजित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त महाविद्यालय स्तर पर विजेताओं को भी सात्वना पुरस्कार दिया गया।

# Educational visit to Career college-Biotechnology and Botany Department













1.12.2023


---

# स्वामी विवेकानंद केरियर गाईडेंस प्रकोष्ठ और SGBS Unnati Foundation के द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ
















5.12.2023

# आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण









8.12.2023 उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही मे जारी निर्देशों के परिपालन में बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,भेल, के गणित विभाग के विद्यार्थियों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें में सर्वप्रथम 3 डी फिल्म द्वारा समुद्री जीव जंतुओं तथा वनस्पतियों जिसमें समुद्रीय पौधे ,शैवाल,डॉल्फिन, समुद्री घोड़े, सार्क एवं अष्टापद आदि के बारे में तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की तत्पश्चात तारामंडल शो में तारों की दुनिया में सप्त ऋषि तारा ,ध्रुव तारा , स्थिर तारे की दूसरे तारों से दूरी मापने का सिद्धांत एवं तारों की चमक आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त किया जिससे विद्यार्थियों का खगोल शास्त्र के प्रति रुझान बढ़ा कर उन्होने जिज्ञासाओं का समाधान पाया इसके पश्चात विज्ञान केंद्र में दर्पण,ऊर्जा, मनोरंजन विज्ञान एवं वायुमंडल दीर्घा में प्रायोगिक उपकरणों के द्वारा विज्ञान के सिद्धांतों से विद्यार्थी रूबरू हुए। साथ ही साथ इनोवेशन हब में विद्यार्थियों को नए विचारों को पोषित करने और जिज्ञासु दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया , रचनात्मक गतिविज्ञान उद्यान में उत्साह पूर्वक विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण में "बेस्ट मोमेंट ऑफ़ द ट्रिप "प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ सहभागिता की गई। भ्रमण में तारामंडल, 3 डी फिल्म एवं दर्पण भूल भुलैया विद्यार्थियों के ज्ञान और मनोरंजन का मुख्य केंद्र रहा.यह शैक्षणिक भ्रमण विभागाध्यक्ष गणित डा.अर्चना जैन ,डा वर्षा चौहान और प्रो. आरती पटेल के सफल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया प्राचार्य डा संजय जैन ने सहभागिता करनेवाले सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को शुभकामनाएं दीं तथा महाविद्यालय के अन्य विभागों के विद्यार्थियों को भी आंचलिक विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने का आव्हान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस अवसर पर *मानव अधिकार के विविध आयाम* विषय पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी






10.12.2023 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस अवसर पर *मानव अधिकार के विविध आयाम* विषय पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी आयोजित की गई सर्वप्रथम विषय विशेषज्ञ एड.प्रियंका मिश्रा जबलपुर का स्वागत और अभिनंदन कर सहभागिता करने वालों को शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य डा संजय जैन ने विचार गोष्ठी का शुभारंभ किया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर इस विचार गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय की मानव अधिकार संरक्षण समिति की संयोजक डॉ समता जैन और सदस्य डॉ अनुपमा यादव द्वारा किया गया कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा, शासकीय अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर ने सारगर्भित रूप में मानव अधिकार की आवश्यकता समस्त पहलुओं से छात्रों को मानवाधिकार का पूरा ज्ञान दिया कि- कितने, क्यों, कैसे हम अपने अधिकारों को ही नहीं जानते और वास्तव में मानव अधिकार मौलिक अधिकारों से कितने भिन्न है और इनका किस प्रकार से हमको सदुपयोग करना चाहिए, इस विचार गोष्ठी के माध्यम से समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, बोलने का अधिकारऔर ऐसे कई अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सेमिनार में कई स्टूडेंट्स ने अपने सवाल अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा जी से पूछे पहला प्रश्न बी.ए द्वितीय वर्ष से श्रिया विश्वकर्मा का था कि -अगर कोई महिला अपनी सुरक्षा में कोई कदम उठाती है तो उसके लिए कौन सा अधिकार मिला है? और अगर कोई महिला खुदकी सुरक्षा में किसी पर हमला करे तो क्या उसके ऊपर कानून लागू होगा? दूसरा प्रश्न बीए प्रथम वर्ष से आर्यम जैन का था कि अभी हुए --मणिपुर मामले के बारे में कानून सलाह क्या होनी चाहिए। तीसरा प्रश्न बीए प्रथम वर्ष से मनन दीक्षित का था --मानव अधिकार के अनुसार सभी जाति सभी धर्म सभी लोग एक समान हैं तो क्यों अनुसूचित जाति के कुछ लोग कम अंक प्राप्त करके योग्य लोगों की जगह पर स्थापित हो जाते हैं? हाल ही में कतर में नौसेना के जवानों को मृत्यु दंड सुनाया गया उनके ऊपर जासूसी के आरोप लगाए गए क्या किसी व्यक्ति से उसकी सांस ही छीन लेना बिना उसे दूसरा अवसर दिए उचित है? क्या सुधार करके ठीक होना मानव का अधिकार नहीं है? आज की इस ऑनलाइन विचार गोष्ठी में 70 से ज्यादा प्रतिभागी प्राध्यापक और छात्रों के रूप में उपस्थित रहे प्राचार्य डॉ. संजय जैन सर जो कि विद्यार्थियों के अधिकारों के प्रति सदैव उनको प्रेरित करते रहते हैं का यह वक्तव्य रहा कि मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग जो कि भोपाल में ही है वहां पर अपने छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कराएंगे आज के कार्यक्रम सफल बनाने में समस्त प्राध्यापकों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करने के लिए डॉ पूजा सिंह और अंत में आभार प्रदर्शन का कार्य डॉ अनुपमा यादव द्वारा किया गया।

## भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में शतरंज, टेबल-टेनिस एवं रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन









11.12.2023

# विश्व मानव अधिकार दिवस








11.12.2023 को मानव अधिकार संरक्षण समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस उपलक्ष्य में पर *पोस्टर मेकिंग* प्रतियोगिता, *निबंध लेखन* और महात्मा गांधी चौराहा पर *नुक्कड नाटक* का सफल आयोजन किया गया, साथ ही मानव अधिकार के बारे में नारे लगा कर विद्यार्थियों एवं जन सामान्य को जागरूक करवाया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में किया गया, कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की मानव अधिकार संरक्षण समिति की आयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.समता जैन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता चौहान (बालिका इकाई), महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक के कुशल सहयोग के साथ एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर निबंध लेखन मे भागीदारी दी वरिष्ठ स्वम्सेवक् श्रेया दास, आयुष सक्सेना एवं सोहित मीना के साथ समस्त स्वयंसेवकों द्वारा भागीदारी की गई। और कार्यक्रम को सफल बनाया गया।


**मानव अधिकार आयोग का प्रयास,**

**खुशहाल हो हर नागरिक यही है आस।।**

---

# विकसित भारत 2047 पोर्टल के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गये शुभारंभ का सीधा प्रसारण












11.12.2023

# भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ










12.12.2023

# शिक्षक अभिवावक योजना के अंतर्गत अभिभावकों का अपने पाल्य के सम्बंध में शिक्षकों से सम्पर्क














12.12.2023

# कॉलेज चलो अभियान










13-14.12.2023 कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत सी एम राइस शासकीय महात्मा गांधी स्कूल बरखेड़ा SPS school साकेत नगर संेट थेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, कार्मेल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में उच्च शिक्षा की विभिन्न योजनाओं एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया.

## अंतरमहाविद्यालयीन रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान






19.12.2023 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विनय सेन एवं राजनंदिनी सिंह सिसौदिया ने शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया प्राचार्य डॉ संजय जैन, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सीमा श्रीवास्तव ने बधाई दी साथ ही अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## "अनंत" के अंतर्गत मेपकास्ट और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वाधान में आयोजित गतिविधियां













19.12.2023

## महाविद्यालय के कला तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण




20.12.2023 महाविद्यालय के कला तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। पहले आंचलिक विज्ञान केंद्र में विज्ञान के सिद्धांत और मंडलों का अनुभव कर, ज्ञान प्राप्त किया। 3D सेंटर में समुद्री जीव जीवन की प्रस्तुति देखकर सभी विद्यार्थियों को कछुआ, मछली, ऑक्टोपस और नए-नए जीवों का अनदेखा संसार जानने का अवसर मिला ।जनजाति संग्रहालय में जनजाति संस्कृति के सभी पक्ष साकार हो गए। कलात्मक मूर्तियां, स्वच्छ निवास, मुखोटे, लकड़ी के खिलौने, रसोई का पारंपरिक भूला बिसरा सामान सुप, चक्की, चूल्हा खेलकूद के जनजातीय प्रसन्न कर देने वाले दृश्य और हर कोने में दी जाने वाली डिजिटल जानकारी से यह भ्रमण सार्थक सिद्ध हुआ। इस भ्रमण में समाजशास्त्र विभाग से डॉअर्चना शर्मा , डॉ गीता चौहान, वनस्पति विभाग से डॉ अनुराधा दुबे, अंग्रेजी विभाग से डॉ इला रानी श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर शालिनी तिवारी, हिंदी विभाग से डॉक्टर सुषमा जादौन और 24 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

---

## विकसित भारत @2047 के अंतर्गत आयोजन











22.12.2023 Discussion organized for the promotion of Idea for the Vision Vikisit Bharat @2047 on innovation science and technology & "Wealthy and Strong Economy"














23.12.2023

---

## रामानुजन जयंती अवसर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम "अनंत" का समापन















**भोपाल। "महान गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती "राष्ट्रीय गणित दिवस" के रूप में मनाना, मातृभाषा में प्रतियोगी परीक्षाएं देना और युवाओं को गौरवमयी भारतीय इतिहास से रूबरू कराने में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की अहम भूमिका रही है" उक्त विचार न्यास के तकनीकी शिक्षा मध्य भारत के प्रांत सह सहयोजक श्री नारायण बंसल ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल सभागार में पांच दिवसीय "अनंत" समारोह के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में व्यक्त किए।**

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में मेपकॉस्ट और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहयोग से गणित विभाग द्वारा आयोजित श्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती "राष्ट्रीय गणित दिवस" अवसर पर पांच दिवसीय "अनंत" समारोह के समापन अवसर पर न्यास के तकनीकी शिक्षा मध्य भारत के प्रांत सह सहयोजक श्री नारायण बंसल ने बताया कि भारत में शिक्षण संस्थानों में श्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को "राष्ट्रीय गणित दिवस" के रूप में मनाने, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मातृभाषा में सहभागिता संभव कराने और युवाओं को भारतीय संस्कृति तथा गौरवमयी इतिहास से रूबरू कराने में शिक्षा

संस्कृति उत्थान न्यास की अहम भूमिका रही है। मध्यप्रदेश इस दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यथ अधिकारी डॉ. अनिल राजपूत ने मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में कहा कि गणित हमारे जीवन में हर पहलू को प्रभावित करती है।
गणित विषय का अध्ययन करके रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध होते है। गणित विषय में शोध की अपार संभावनाएं है। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि गणित जैसे कठिन विषय को बहुत सरल और रोचक तरीके से समझा जा सकता है इसके लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गणित विषय पर आधारित रंगोली, नाटक, विड्चैप जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रशंसनीय कार्य किया है। समारोह का संचालन डॉ. वर्षा चौहान ने किया तथा आभार विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना जैन ने किया। इस अवसर पर प्रो. आरती पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने गणित पर आधारित शोध पत्र प्रस्तुती, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, विड्चैंप, फेंसी ड्रेस और प्रश्न मंच का आयोजन किया। जिसके पुरस्कार समापन समारोह में अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

## नव वर्ष के उपलक्ष्य में CLEAN CAMPUS, GREEN CAMPUS का शुभारंभ दिनांक 01/01/2024










**सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समिति :** - डॉ अनुपमा यादव (संयोजक) - डॉ कीर्ति श्रीवास्तव - डॉ इलारानी श्रीवास्तव - डॉ पुष्पा सूर्यवंशी - डॉ पूजा सिंह - सुश्री आरती कैथल (कम्प्यूटर वर्क)